# कार्यालय कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ''दिशा''
## बैठक दिनांक 06.12.2017
## कार्यवाही विवरण

दिनांक 06.12.2017 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से **जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ''दिशा''** की बैठक माननीय श्री विक्रम उसेण्डी, सांसद, लोकसभा क्षेत्र कांकेर एवं अध्यक्ष जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ''दिशा'' जिला उत्तर बस्तर कांकेर की अध्यक्षता में जिला पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की गयी। उक्त बैठक में निम्नलिखित पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित हुयेः–

### उपस्थित पदाधिकारीगण

1 श्री विक्रम उसेण्डी, माननीय सांसद, लोक सभा क्षेत्र कांकेर एवं माननीय अध्यक्ष दिशा
2 श्री शंकर ध्रुवा, माननीय विधायक, कांकेर विधानसभा क्षेत्र एवं सदस्य दिशा
3 श्री भोजराज नाग, माननीय विधायक, अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र एवं सदस्य दिशा
4 श्री टामन सिंह सोनवानी, कलेक्टर एवं सदस्य सचिव दिशा
5 श्री जितेन्द्र सिंह ठाकुर, माननीय अध्यक्ष नगरपालिका परिषद एवं सदस्य दिशा
6 श्रीमति पुष्पा सलाम माननीय अध्यक्ष, जनपद पंचायत कांकेर एवं सदस्य दिशा
7 श्रीमती उषा ओट्टी, माननीय अध्यक्ष, जनपद पंचायत चारामा एवं सदस्य दिशा
8 श्री मनोहर सिंह उसेण्डी, माननीय अध्यक्ष, जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा एवं सदस्य दिशा
9 श्रीमती सुमित्रा नागराज, माननीय अध्यक्ष, नगर पंचायत चारामा एवं सदस्य दिशा
10 श्री असीम राय, माननीय अध्यक्ष, नगर पंचायत पखांजूर एवं सदस्य दिशा

### उपस्थित अधिकारीगण

1 सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत उ.ब. कांकेर
2 श्री यू.एस. सिंह, सुप्रिंनटेंडेंट, पोस्टल, बस्तर डिविजन, जगदलपुर
3 श्री यू.एस. साहू, प्रभारी, उप संचालक, समाज कल्याण उ.ब. कांकेर
4 श्री चिरंजीव सरकार उप संचालक कृषि, उ.ब. कांकेर
5 श्री एस.सी. राही, महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र कांकेर
6 श्री टी.एल. सहारे, कार्यपालन अभियंता, सीएसपीडीएल उ.ब.कांकेर
7 श्री एल.के.कॉंगे, कार्यपालन अभियंता, (प्रोजेक्ट)सीएसपीडीएल उ.ब.कांकेर
8 श्री विक्रम कौसले, सहायक अभियंता सीएसपीडीएल भानुप्रतापपुर
9 श्री डी राम कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग उ.ब. कांकेर
10 श्री आर.के. गौड़, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग भानुप्रतापपुर
11 श्री पी.एस सुधाकर, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उ.ब. कांकेर
12 श्री एस.आर. सोनखुसरे कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय उपखंड कांकेर
13 श्री पी. किन्डो, कार्यपालन अभियंता ब्रिज डिविजन, जगदलपुर
14 श्री आर.के. वर्मा, कार्यपालन अभियंता क्रेडा, आरडी धमतरी
15 डॉ. जे.एल. उइके, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उ.ब. कांकेर
16 श्री बी.एस. मण्डावी, जिला खनिज अधिकारी उ.ब. कांकेर
17 श्री एच.आर. राणा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग उ.ब. कांकेर
18 श्री डॉ. नरेन्द्र श्रीवास्तव उप संचालक, पशुचिकित्सा विभाग उ.ब. कांकेर
19 श्री ए.के. सॉई पैंकरा, जिला योजना एवं सांख्यिकीय अधिकारी उ.ब. कांकेर
20 श्री बी.आर. ठाकुर, जिला रोजगार अधिकारी उ.ब. कांकेर

21 श्री जी.एच. त्रिनाथरेडडी, डी.एम. नॉन, उ.ब. कांकेर
22 श्री एस.एल. वर्मा,नोडल सीसीसीबी उ.ब. कांकेर
23 श्री बी.एम. राय, बीईटीओ, उ.ब. कांकेर
24 डॉ. बी.के. रामटेके, बी.एम.ओ. अंतागढ़, उ.ब. कांकेर
25 श्री महेन्द्रनाथ पाढ़ी, सहायक खाद्य अधिकारी, उ.ब. कांकेर
26 श्री टी.आर. साहू, जिला शिक्षा अधिकारी, उ.ब. कांकेर ।
27 श्री के.पी. ध्रुव, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास उ.ब. कांकेर
28 श्री हेमराज ठाकुर, अग्रणी बैंक, प्रबंधक, उ.ब. कांकेर
29 श्री विजय कोड़ोपी, जिला विपणन अधिकारी, उ.ब. कांकेर
30 श्री कमलेश रायस्त, लेखा अधिकारी, जिला पंचायत उ.ब. कांकेर
31 श्री पी.एन. तिवारी, सहायक संचालक उद्यान उ.ब. कांकेर
32 श्री आर.बी.एस. बघेल, उद्यान विस्तार अधिकारी, उ.ब. कांकेर
33 श्री एस.के. साहू, सहायक संचालक मछलीपालन, उ.ब. कांकेर
34 श्री पी.एल. दिल्लीवार, सहायक संचालक, मछलीपालन उ.ब. कांकेर
35 श्री जे.पी. बरिहा सहायक संचालक रेशम उ.ब. कांकेर
36 श्री सुनील तिवारी, सहायक संचालक, जनसंपर्क, उ.ब. कांकेर
37 श्री आर.आर. दर्रो, अनुविभागीय अधिकारी ई/एम लोनिवि उ.ब. कांकेर
38 श्री जी.एन.बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी दूरभाष उ.ब. कांकेर
39 श्री नंद किशोर मालवीय, आरवीएनएल, मैनेजर उ.ब. कांकेर
40 डॉ. किरण तिग्गा, जिला आयुर्वेद अधिकारी, उ.ब. कांकेर
41 श्री लाल, अजय बहादूर सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी उ.ब. कांकेर
42 श्री आनंद गुप्ता, डीएमसी रा.गा.शि.मि. उ.ब. कांकेर
43 श्री जे. खलको, डी.आर.सी.एस. उ.ब. कांकेर
44 डॉ. किरण तिग्गा, जिला आयुर्वेद अधिकारी, उ.ब. कांकेर ।
45 श्री भूपेन्द्र गिलहरे, प्रभारी अधिकारी, क्रेडा, उ.ब. कांकेर
46 श्री आर.पी. उइके, एस.एल.आर. भू अभिलेख उ.ब. कांकेर
47 श्री जी.डी. प्रसाद जिला श्रम अधिकारी जिला उ.ब. कांकेर
48 श्री आर.एस. मण्डावी, अनुविभागीय अधिकारी, वन पश्चिम, भानुप्रतापपुर
49 श्री आर.डी. तारम, उप प्रबंधक, संचालक, वन उ.ब.कांकेर
50 श्री बी.आर. नेताम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अंतागढ़
51 श्री जी.एस. धुर्वे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर
52 श्री युगल किशोर शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर
53 श्री प्रकाश भारद्वाज, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा
54 श्री जी.एल. चुरेन्द्र, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चारामा
55 श्री विश्वनाथ रेडडी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चारामा दूर्गूकोंदल
56 श्री आर.एस. नेताम, वि.वि.अधिकारी प्रभारी मुख्य कार्य. अधिकारी जनपद पंचायत कांकेर
57 श्री डी.के. यादव, हेड पोस्ट मास्टर, उ.ब. कांकेर
58 श्री दीपचंद पुरी, एसडीआई, (पी) भानुप्रतापपुर उ.ब. कांकेर
59 श्री योगेश गोंदलेकर, एसडीआई, (पी) उ.ब. कांकेर
60 श्री दिनेश कुमार, आरओएसएच, पीएम, उ.ब. कांकेर
61 श्री गोविंदा, देवांगन, उप अभियंता, नगरपालिका परिषद उ.ब. कांकेर
62 श्री राकेश नेताम, उप अभियंता, राष्ट्रीय राजमार्ग उ.ब. कांकेर
63 श्री रमेश ठाकुर, प्रबंधन विशेषज्ञ, आईडब्ल्यूएमपी उ.ब. कांकेर
64 श्रीमती ऋतु कोसरिया, स.प.अ. मनरेगा जिला पंचायत उ.ब. कांकेर
65 श्री भक्तपन भक्तप्रहरी, प्रोग्राम एक्जीक्युटिव, एनआरएलएम जिला पंचायत उ.ब. कांकेर

66 श्री रमेश ठाकुर, एम.ई. वाटरशेड/स.प.अ.स्वच्छ भारत मिशन, कृषि विभाग कांकेर
67 श्री घनश्याम साहु, ई–डी.एम. चिप्स जिला उ.ब. कांकेर
68 श्री वर्मा, पेंशन लिपिक, समाज कल्याण जिला उ.ब. कांकेर
69 श्री सचिन चौबे, कम्प्युटर आपरेटर, समाज कल्याण जिला उ.ब. कांकेर
70 श्री हर्ष वाधवानी, सहायक प्रोग्रामर, आईएवाई जिला पंचायत उ.ब. कांकेर
71 श्री एच.एल. साहू, फिल्ड आफिसर, रेशम, उ.ब. कांकेर
72 श्री प्रशांत कुमार, बीपीएम, सीएचसी अंतागढ़ उ.ब. कांकेर
73 श्री डी.एस. साहू, सहायक सांख्यिकी अधिकारी, जिला योजना उ.ब. कांकेर
74 श्री जे.आर. वैद्य, सहायक खाद्य अधिकारी, उ.ब. कांकेर
75 श्री घनश्याम कश्यप, उप अभियंता, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना उ.ब. कांकेर

सर्वप्रथम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति **''दिशा''** के माननीय अध्यक्ष श्री विक्रम उसेण्डी सांसद, लोक सभा क्षेत्र कांकेर एवं माननीय विधायकगण तथा उपस्थित जनप्रतिनिधियों/समिति के पदाधिकारियों के स्वागत उद्बोधन पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गयी।

केन्द्र सरकार की महत्ता वाली योजनाओं के सफलतम कियान्वयन हेतु कार्य एजेंसियों से कमवार चर्चा एवं विस्तृत जानकारी के क्रम में निम्नानुसार योजनावार जानकारी प्रदान की गयी है:–

## 1 महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के जिले में कियान्वयन की स्थिति के संबंध में अवगत कराया गया कि योजनांतर्गत वर्ष 2017–18 में लेबर बजट अनुसार कुल मानव दिवस का लक्ष्य 45.63 लाख मानव दिवस है। जिसमें सृजित कराया गया कुल मानव दिवस 25.25 लाख श्रम दिवस है। जो प्राप्त लक्ष्य अनुसार 55.3 प्रतिशत है। 100 दिन पूरा करने वाले परिवारों की संख्या 2943 है । वर्तमान प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध 69 प्रतिशत का व्यय किया जा चुका है ।

योजनांतर्गत वर्ष 15–16 में अंतागढ़, कोयलीबेड़ा क्षेत्र के लंबित भुगतान के संबंध में चर्चा उपरांत कलेक्टर महोदय द्वारा पोस्टल सुप्रिंटेंडेंट को सूची मिलान उपरांत कार्यवाही करने एवं मुख्य डाकघर का ब्लाक स्तरीय पोस्टल कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया ।

माननीय सांसद महोदय द्वारा इसका निराकरण 15 दिवस के भीतर कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## 2 दीनदयाल ग्रामीण अन्त्योदय योजना

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा दीनदयाल ग्रामीण अन्त्योदय योजना विषयक अवगत कराया गया कि जिले के 07 विकासखंडों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत सघनता से कार्य किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सीआरपी चक्र का कियान्वयन कर समुह गठन एवं प्रशिक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। वर्ष 2017–18 में 3450 के प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध जिले में 1365 नये समुहों का गठन किया जा चुका है। वर्तमान में योजनांतर्गत जिले में 4788 महिला समुह है। गठित किये गये स्व सहायता समूहों को रिवाल्विंग फंड/सामुदायिक निवेश निधि एवं बैंक लिंकेज के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराकर उनकी आजिविका में वृद्धि का कार्य किया जा रहा है।

## 3 स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की वर्तमान प्रगति से माननीय अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया गया। बताया गया कि जिले की कुल 427 ग्राम पंचायतों में से 341 ग्राम पंचायतें ओडीएफ हो चुकी है। इस प्रकार जिले के 1083 ग्रामों में से 881 ग्रामों को ओडीएफ घोषित किया जा चुका है। शेष बचे ग्रामों को 15 दिसम्बर 2017 तक ओडीएफ कराये जाने हेतु समय निर्धारित किया गया है।

## 4 प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 2016–17 में प्राप्त लक्ष्य 2105 के विरूद्ध शतप्रतिशत आवास स्वीकृत किये जाकर 979 आवास पूर्ण कराये गये हैं एवं 1126 आवास निर्माणाधीन हैं । वर्ष 2017–18 में प्राप्त लक्ष्य 5000 के विरूद्ध 5000 आवासों के लिए स्वीकृति प्रदान की जाकर 599 आवास पूर्ण किये गये हैं एवं 4401 आवास निर्माणाधीन है।

## 5 रूर्बन मिशन

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा जिले में संचालित रूर्बन मिशन विषयक अवगत कराया गया कि, जिले के विभिन्न ग्रामों के लिए तैयार डी.पी.आर. में केन्द्र सरकार से प्राप्त प्राथम किश्त की राशि रू. 4 करोड़ 65 लाख में **CGF** मद का 85 प्रतिशत विभिन्न एजेंसियों को कार्य हेतु आबंटित किया गया जाकर विभिन्न घटकों के कार्य जारी हैं।

## 6 प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के उपस्थित अभियंता द्वारा जिले में योजनांतर्गत चल रहे सड़क के अपूर्ण कार्यों के प्रगति विषयक जानकारी से सदन को अवगत कराया गया कि, जिले में 1607.64 कि.मी. लंबाई के 361 सड़क कार्य स्वीकृत हैं। इनक कार्यों के लिए रू. 57142.67 करोड़ की राशि स्वीकृत की गयी हैं। विभाग द्वारा चल रहे कार्यों में 257 कार्य पूर्ण तथा 82 कार्य प्रगतिरत हैं। अप्रारंभ कार्यों की संख्या 18 एवं बाधित कार्य 04 हैं। अप्रारंभ सड़कों में निविदा प्रक्रियाधीन है।

माननीय विधायक महोदय कांकेर द्वारा श्रीगुहान कोसाटोला, डब्बीपानी एवं सरोना से ठेमा, बांसपत्तर कार्य कार्य छूटा होने विषयक निर्देशित किया गया। अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि ये कार्य मेंटेंनेंस अंतर्गत हैं।

माननीय विधायक महोदय अंतागढ़ द्वारा छुटे पेंच कार्य को पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

माननीय सांसद महोदय द्वारा पोडगांव, मासबरस टेमरूपानी सड़क कार्य की जानकारी ली गयी। निको जायसवाल सड़क मार्ग जर्जर होने तथा मरम्मत विषयक निर्देशित किया गया। अवगत कराया गया कि इसका टेंडर प्रक्रियाधीन है। सरन्डी एड़ानार मार्ग का काम बंद होने के विषय में अवगत कराया गया कि मार्ग में बीच का 800 मीटर का काम छुटा हुआ है जिसे शीघ्र प्रारंभ कराया जायेगा।

माननीय सांसद महोदय द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की जानकारी प्राप्त की गयी। अवगत कराया गया कि 12 स्वीकृत कार्यों में 10 कार्य अनुबंधित हैं। कुल प्रस्तावित 44 कार्यों में 12 कार्यों को स्वीकृति प्राप्त हैं। जिनमें से पी.व्ही.73 से निदड़े, मासबरस से गावड़े खसगांव, पाड़ेंगा से गट्टासिल्ली, अंतागढ़ मुख्य मार्ग से तहकाल, पीढ़ापाल से तेंलावट, पी.व्ही 32 से पी.व्ही 25 की मुख्य सड़क हैं।

माननीय सांसद महोदय द्वारा चारगांव मार्ग 1.8 कि.मी. के दो पेंच बुलावंड, मासबरस का प्रस्ताव भेजे जाने हेतु निर्देशित किया गया।

माननीय सांसद महोदय द्वारा सरण्डी एडानार मार्ग का रूका कार्य प्रारंभ कराने एवं कोड़ेकुर्से पुल का भूमिपूजन उपरांत भी अब तक कार्य प्रारंभ नहीं होने विषयक आवश्यक निर्देश दिये गये।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा उक्त कार्यों को टी.एल. में कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

माननीय सांसद एवं समिति के माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्य में ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता बरती जावे एवं इसका विशेष ध्यान रखा जावे।

## 7 राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम

उप संचालक, समाज कल्याण द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत जिले में संचालित पेंशन गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी। लाभार्थियों को बैंक खाते एवं डाक खाते के माध्यम से पेंशन संवितरित किये जाने बाबत् अवगत कराया गया। बैठक में उपस्थित पोस्टल सुप्रिन्टेंडेंट को भानुप्रतापपुर क्षेत्र में पेंशन संबंधी व्याप्त अनियमितता एवं शासकीय राशि लेकर फरार होने वाले वाले कर्मचारी के विरूद्ध तत्काल पुलिस कार्यवाही हेतु निर्देशित किया जाकर भानुप्रतापपुर के पोस्टल निरीक्षक को समयसीमा में प्राथमिकी हेतु आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु जिलाध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया।

## 8 राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम

कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना अंतर्गत केवल नलजल प्रदाय का कार्य स्वीकृत होने की जानकारी प्रदान की गयी कि जिले में नलजल प्रदाय योजना के 41 स्वीकृत कार्यों में 11 पूर्ण तथा 30 आंशिक पूर्ण हैं। जिनमें कोकपुर, मरकाटोला, कन्हारगांव, बैजनपुरी, नारायणपुर, परसोदा, टहकापार, पुरूषोत्तमनगर, बैकुण्ठपुर, रामकृष्णपुर, एवं प्रेमनगर हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा 30 आंशिक पूर्ण योजनाओं में औसतन 75–80 प्रतिशत कार्य पिछली समीक्षा के समान लगभग यथा स्थिति होने एवं कार्य में यथोचित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में गति लाने हेतु निर्देश दिये गये। कार्यपालन अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि टंकी के टेंडर लेट होने के कारण प्रगति में बाधा आयी है पुनः टेंडर लगाये गये हैं कार्य इस महिने पूर्ण करा लिये जायेंगें।

माननीय विधायक कांकेर द्वारा जल आवर्धन योजना अंतर्गत महानदी में इंटेक वेल का कार्य विषयक जानकारी ली गयी। अवगत कराया गया कि योजना का कार्य पूर्ण होने में लगभग डेढ़ वर्ष लगना संभावित है। इंद्रप्रस्थ योजना अंतर्गत जल प्रदाय चालू हैं।

राष्ट्रीय राजमार्ग चारामा के निर्माण अंतर्गत नगर पंचायत के अधीन स्थापित 10 हेंडपंप के सुपरविजन हेतु पूर्व में निर्देशित अनुसार इसे चालू कर दिये जाने की जानकारी सदन को प्रदान की गयी।

माननीय सांसद महोदय द्वारा फ्लोराईड जल प्रभावित क्षेत्र विषयक जानकारी ली गयी एवं प्रभावित स्थानों के 20 प्लांट द्वारा जनता को शुद्ध पेयजल एवं आयरन रिमुवल के 127 प्लांट द्वारा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

माननीय सांसद महोदय द्वारा रावघाट परियोजना क्षेत्र के आसपास बी.एस.पी. द्वारा लगाये गये हेंड पम्प की अद्यतन स्थिति प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा कार्यपालन अभियंता जल संसाधान को निर्देशित किया गया कि बी.एस.पी. द्वारा जल व्यवस्थापन हेतु किये जा रहे सर्वे के संबंध में रावघाट के आसपास के क्षेत्रों के लिए सर्वे हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड से सूची प्राप्त कर लें।

वन विभाग एवं परियोजना तथा पंचायत द्वारा खोदे गये ऐसे हेंड पंप जिनका वर्तमान में मेंटेनेंस नहीं हो पा रहा है, इन्हें चिन्हित कर मेंटेनेंस की कार्यवाही हेतु प्रस्तावित किये जाने के लिए समिति द्वारा निर्देशित किया गया।

## 9 दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना

कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग द्वारा दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना अंतर्गत प्रस्तावित 33/ 11 के.व्ही नया सब स्टेशन दमकसा का कार्य मार्च 2018 तक, जामगांव का फरवरी 2018 तक, मथुरा बाजार का माह फरवरी 2018 तक, पंडरीपानी का माह जनवरी 2018 तक तथा परसोदा में निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने की जानकारी माननीय अध्यक्ष महोदय को प्रदान की गयी।

माननीय सांसद महोदय एवं विधायक महोदय द्वारा केसेकोड़ी, पाडरगांव एवं आमाबेड़ा के कार्यों की जानकारी ली गयी। कार्यपालन अभियंता द्वारा विद्युत कार्यों के चल रहे बसाहटों के मजराटोला संबंधी कार्यों की वर्तमान अद्यतन स्थिति से सदन को अवगत कराया गया।

निर्देशित तारतम्य में कार्यपालन अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि सौभाग्य अंतर्गत ब्लाक स्तर पर बडे कार्यक्रम आयोजित कर कार्य प्रारंभ किये जायेंगे। 132/33 उदयपुर का कार्य जनवरी 2018 में प्रारंभ होगा तथा पखांजूर टॉवर के धीरे चल रहे कार्य में तेजी लायी जायेगी। आमाबेड़ा में पावर स्टेशन हेतु वायर तथा लेवलिंग का कार्य प्रगतिरत है इसे मार्च 2018 तक पूर्ण करा दिया जायेगा।

माननीय सांसद महोदय द्वारा उदयपुर का कार्य वर्ष 2018 तक पूर्ण करा लिये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

माननीय विधायक अंतागढ़ द्वारा अंतागढ़ एवं दुर्गूकोंदल क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या हेतु ध्यानाकर्षण किया गया। माननीय सांसद महोदय द्वारा थ्री फेस कार्य मेला पूर्व फरवरी तक पूर्ण कराया जाकर इस समस्या के समाधान हेतु निर्देशित किया गया।

माननीय विधायक महोदय कांकेर द्वारा अंजनी में 2 तार को 3 तार लाईन किये जाने हेतु भी निर्देशित किया गया।

समिति द्वारा क्षेत्रीय जनता को ज्यादा बिजली बिल, बंद मीटर का बिल आने एवं इसका निराकरण किये जाने तथा सुचारू कार्य संपादन हेतु स्थानीय भर्ती एवं आउटसोंसिंग हेतु चर्चा की गयी तथा समस्या के निराकरण हेतु कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग के मध्य स्थापित विद्युत पोल को टॉल प्रारंभ होने पश्चात् शुरू किये जाने की जानकारी माननीय सदस्य गणों को प्रदान की गयी।

## 10 प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

उप संचालक कृषि द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत वर्ष 2017 में 8387 अऋणी किसानों का बीमा कराया गया है। 51683 ऋणी किसानों को बीमा प्रिमियम की राशि दी जानी थी जिनमें से 381 किसानों को क्लेम प्रदान कर दिया गया है, ये सभी कृषक खरीब 2016 के हैं।

अभी वर्तमान अवधि का क्लेम प्रदान नहीं किया गया है, रू. 11600 के विरूद्ध बीमा कंपनी द्वारा मात्र रू 8.32 पैसा की राशि ही निर्धारित की गयी है।

उप संचालक कृषि द्वारा फसल बीमा के रबी फसल में मक्का नहीं होने की जानकारी से सदन को अवगत कराया गया। कलेक्टर महोदय द्वारा तत्काल शासन स्तर से इस संबंध में आज ही पत्राचार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## 11 एकीकृत बाल विकास योजना

कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में 1955 आंगनबाड़ी एवं 186 मिनी आंगनबाड़ी स्वीकृत हैं। जिनमें की गयी नियुक्ति की जानकारी से सदन को अवगत कराया गया।

कलेक्टर महोदय द्वारा सुपोषण की वर्तमान स्थिति को सदन के समक्ष रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया। अवगत कराया गया कि कोयलीबेड़ा में कुपोषण का प्रतिशत सबसे ज्यादा है। कांकेर जिले में सुपोषण हेतु अच्छा कार्य किया जाकर प्रगति लाये जाने हेतु कलेक्टर महोदय द्वारा निर्देशित किया गया।

नगर पंचायत माननीय अध्यक्ष श्री असीम राय द्वारा हानपतरी एवं परवी में जनसंख्या अनुरूप आंगनबाड़ी नहीं होने बाबत् ध्यानाकर्षण किया गया। कलेक्टर महोदय द्वारा इसका परीक्षण एवं निराकरण हेतु निर्देशित किया गया।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सुपोषण हेतु बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया हेतु चर्चा की गयी ।

## 12 उज्जवला योजना

खाद्य विभाग के उपस्थित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 2016–17 में 39900 का लक्ष्य प्राप्त था जिसके विरूद्ध शतप्रतिशत उपलब्धि प्राप्त कर 160937 परिवारों को गैस कनेक्शन वितरित किये गये हैं।

वर्ष 2017–18 का लक्ष्य 36649 का निर्धारित है, जिसमें 28859 आवेदन स्वीकृत किये गये हैं जिनमें 19772 हितग्राहियों का के.वाई.सी. पूर्ण करा लिया गया है, इस प्रकार 78 प्रतिशत आवेदन संबंधी कार्य एवं 53 प्रतिशत कनेक्शन संबंधी तैयारी पूर्ण है।

माननीय कलेक्टर महोदय द्वारा कोयलीबेड़ा क्षेत्र में एजेंसी द्वारा धीरे कार्य किये जाने तथा इसे परीक्षण में लिये जाने हेतु निर्देशित किया गया। अवगत कराया गया कि सिलेण्डर की कमी होने से एन्ट्री नहीं हुयी थी। अनुदान सरकारी प्रक्रिया के तहत् ही प्रदान किया जाता है।

## 13 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा एन.एच.एम. अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी से सदन को अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना एवं मुख्य मंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना अंतर्गत कुल 166353 लक्ष्य के विरूद्ध 162368 स्मार्ट कार्ड तैयार किए गए हैं जो कुल उपलब्धि का 97.60 प्रतिशत है।

नवीन स्मार्टकार्ड के आवेदन प्रक्रिया अंतर्गत विभिन्न विकासखंडों से 20137 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसके आधार पर आगे नवीन स्मार्ट कार्ड और बनाये जायेंगे ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा कुष्ठ रोग के विषय में विस्तृत जानकारी से सदन को अवगत कराया गया।

कलेक्टर महोदय द्वारा पखांजूर क्षेत्र में वितरित मच्छरदानी के विषय में जानकारी ली गयी। अवगत कराया गया कि जिले को कुल 3 लाख 5 हजार मच्छरदानी प्राप्त हुयी थी जिनमें से 90 हजार मच्छरदानी पखांजूर क्षेत्र में वितरित की गयी है।

माननीय जनपद अध्यक्ष कोयलीबेड़ा द्वारा वितरण कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

माननीय सांसद महोदय द्वारा जिले के विभिन्न स्थानीय अस्पतालों के माध्यम से स्मार्ट कार्ड की राशि सामान्य रोगों में भी चार–पॉच दिन भर्ती कराकर राशि निकाले जाने के संबंध में व्याप्त अनियमिता के निराकरण एवं बांदे लेब टेक्नीशियन को आज ही मूल पदस्थापना हेतु भारमुक्त किये जाने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया।

## 14 डिजिटल इंडिया

अधीक्षक भू अभिलेख द्वारा लैण्ड रिकार्ड मार्डनाईजेशन प्रोग्राम अंतर्गत मार्डन रिकार्ड रूम की अद्यतन जानकारी के संबंध में सदन को अवगत कराया गया कि पुराने अभिलेखों मिसल रिकार्ड 1940–41, 1954–55, नागरिकता पंजी, 1939–40 जन्म मृत्यु पंजी एवं बहुत से महत्वपूर्ण

अभिलेखों का लेमिनेशन कर कम्पयूटराईज्ड कार्य किया गया है। चारामा नरहरपुर में रिकार्ड रूम छोटा होने के कारण 10 लाख राशि की मांग की गयी है। तदनुसार इसके विस्तार की कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर महोदय द्वारा राजा समय के अभिलेखों को सुरक्षित रखने तथा शालाओं के अभिलेख को सुरक्षित करने हेतु डी.एम.सी. सर्व शिक्षा अभियान को निर्देशित किया गया। यह भी निर्देशित किया गया कि इसे आपके विभाग के द्वारा कराया जाना है।

## 15 मध्यान भोजन/सर्व शिक्षा अभियान

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले के स्कूलों में चल रहे मध्यान भोजन की जानकारी से सदन को अवगत कराया गया कि ग्राम स्तर से समूहों द्वारा संचालित कार्यक्रम में कोई शिकायत व्याप्त नहीं है। स्कूलों का नियमित निरीक्षण किया जाकर गुणवत्तापूर्ण गर्म भोजन बच्चों को उपलब्ध कराया जा रहा है। समुहों द्वारा रसाईये की व्यवस्था की गयी है ये मध्यान भोजन के रसोईये नहीं हैं।

जिला मिशन समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान द्वारा अवगत कराया गया कि जिले को सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत रू. 8141.220 लाख का बजट स्वीकृत हुआ था जिसमें मात्र 2 करोड़ 90 लाख की राशि जिले को प्राप्त हुई है जिसमें से 1 करोड़ 22 लाख की राशि जारी की जा चुकी है।

माननीय विधायक अंतागढ़ द्वारा अंतागढ़ कोयलीबेड़ा क्षेत्र में भवन विहीन शालाओं को जारी की गयी राशि की सूची उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

माननीय सांसद महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि अहाता हेतु सुलंगी ऊपर पारा, अमोड़ी, लक्ष्मीपुर का प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत किया जावे तथा पाठय पुस्तक निगम को बंगला भाषा में पाठयक्रम हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया जावे, इसके साथ ही स्कूलों के मरम्मत के लिए कितनी राशि की जरूरत होगी तथा जो कार्य अधूरे हैं उनके लिए अनुपूरक बजट मांग प्रस्तुत किया जावे।

जिला मिशन समन्वयक द्वारा अवगत कराया गया कि स्कूलों में शौचालयों के लिए 50 प्रतिशत की राशि प्राप्त हुयी है। कुल 162 शौचालयों का निर्माण किया जाना है। वर्तमान में 115 शौचालयों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है तथा 40 का कार्य शेष है।

## 16 प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना

उप संचालक कृषि द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत 15 परियोजनायें संचालित हैं, जिसके लिए रू.224.77 लाख की राशि उपलब्ध है। उपलब्ध राशि में से रू. 170.67 लाख व्यय किया जाकर रू.54.11 लाख राशि शेष है। अवगत कराया गया कि स्प्रींकलर कार्य में अपेक्षित प्रगति प्राप्त नहीं हो पायी है।

कलेक्टर महोदय द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि पटल चेक हेतु काली मिट्टी डालने का प्रस्ताव प्रेषित किया जावे।

## 16 प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी/एसबीएम अर्बन

मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 448 आवास स्वीकृत किए गए हैं।

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत प्राप्त 1553 आवेदनों के विरूद्ध पात्रता अनुरूप 773 हितग्राही द्वारा तथा 780 एजेंसी के माध्यम से रू. 0.192 प्रति इकाई की दर से शौचालय निर्मित किए गये हैं।

जिलाध्यक्ष महोदय द्वारा शहर के मध्य सड़क चौड़ीकरण के विषय में जारी नोटिस विषयक मुख्य नगरपालिका अधिकारी से चर्चा की गयी। माननीय विधायक कांकेर द्वारा बिना मुआवजा स्वीकृति के बिना तोड़फोड़ को अनुचित माना गया।

## 17 ई– डिस्ट्रिक्ट परियोजना

ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर चिप्स द्वारा अवगत कराया गया कि सीएससी 2.0 के तहत् जिले के ग्राम पंचायत में लोक सेवा केन्द्र खोले जा रहे हैं, जिसके तहत् सभी प्रकार की ऑनलाईन सेवायें ग्रामवासियों कों उपलब्ध करायी जायेंगी।

प्रधानमंत्री डिजिटल साक्षरता अभियान के तहत् 68 सीएससी सेंटर के द्वारा अभी तक कुल 5290 उम्मीदवारों का पंजीयन किया गया है। उम्मीदवारों को ट्रेनिंग एवं सर्टिफाईड किया जा रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में इन्टरनेट कनेक्टिविटी नहीं होने के कारण ऑनलाईन सेवाएँ गांव के नागरिकों को उपलब्ध कराने में समस्या हो रही है।

## 18 अधोसंरचनात्मक कार्य

अनुविभागीय अधिकारी दूरसंचार द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में नोफा अंतर्गत फायबर केबल का कार्य माह दिसम्बर तक पूर्ण कर लिया जायेगा ।

रेल विभाग के उपस्थित अधिकारी द्वारा रावघाट–दल्लीराजहरा रेल कार्य 700 हेक्टेयर भूमि में 95 कि.मी का कार्य प्रक्रियाधीन होने बाबत् अवगत कराया गया, इसमें से 76 कि.मी. का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।

उक्त रेल मार्ग में 226 छोटे–बड़े पुल तथा 55 रोड पुल आ रहे हैं। कि.मी. 43 में रोड नीचे से होकर जायेगी। इस रेल मार्ग में कुल 6 स्टेशन बनेंगे। डौंडी भानुप्रतापपुर के मध्य का सेक्शन मार्च 2018 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। केंवटी का सेक्शन मई 2019 तक एवं ताड़ोकी से रावघाट तक के कार्य हेतु 3 वर्ष का समय संभावित है। कोयलीबेड़ा कलगांव के मध्य पुल की उंचाई कम होने संबंधी चर्चा की गयी। अवगत कराया गया कि रोड से पानी निकासी हेतु 4 मीटर उंचाई के मान से कुल 6 मीटर की उंचाई मानक अनुसार निर्धारित की गयी है, भारी वाहनों के लिए पृथक मार्ग से केंवटी से 2 कि.मी. पहले मालापारा होते हुए मार्ग निर्धारित किया जायेगा।

अवगत कराया गया कि रेल्वे द्वारा लगभग 20 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

## अन्य एजेण्डा

कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) कांकेर एवं भानुप्रतापपुर को विभाग द्वारा निर्मित सड़क एवं भवन कार्य विषयक निर्देशित किया गया। कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) कांकेर द्वारा अवगत कराया गया कि चल रहे 03 सड़क कार्य जनवरी 18 तक पूर्ण कर लिये जायेंगे।

माननीय सांसद महोदय द्वारा कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) भानुप्रतापपुर को कोरर–चारामा मार्ग मरम्मत हेतु निर्देशित किया गया। महाराष्ट्र से जोड़ने वाले पुल के संबंध चर्चा की गयी, अवगत कराया गया कि मूल बजट में लिया जायेगा।

कार्यपालन अभियंता बृज द्वारा अवगत कराया गया कि इस वर्ष 16 कार्य आये थे, जिनका प्रोजक्ट मंत्रालय को प्रेषित किया गया है। कांकेर विधानसभा के 8 कार्य हैं, अंतागढ़ के 7 एवं भानुप्रतापपुर का 1 कार्य हैं। स्वाईल इनवेस्टीगेशन में टाईम लगने एवं सेंपल प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् बृज की आयु लंबी हो जाती है, उसके अभाव में कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होना संभावित होता है इसलिए बृज निर्माण के कार्यो में समय लगना स्वाभाविक होता है।

माननीय सांसद महोदय द्वारा कोलर से आगे बैहासाल्हेभाठ के बीच में पाउरगांव के ग्रामवासियों के आवागमन हेतु प्रस्ताव शामिल किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

माननीय जिलाध्यक्ष महोदय द्वारा एल.डब्ल्यू.ई. के कार्यों की समीक्षा की गयी अवगत कराया गया कि संधारित 05 कार्यो में से कोई भी कार्य पूर्ण नहीं हुए हैं।

कोयलीबेड़ा–प्रतापपुर के 22 कि.मी. सड़क निर्माण वर्ष 2008 से प्रारंभ होने के उपरांत अब तक नहीं होने विषयक निर्देशित किया गया।

कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 2016–17 के 15 विभागीय कार्य हैं जिनमें भू अर्जन के 22 प्रकरण थे ।

माननीय सांसद महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि नाहकसा के वन अधिकार पट्टा प्राप्त 5–6 व्यक्तियों के प्रकरण थे जिनका प्रस्ताव मुआवजा हेतु प्रेषित किया गया था किन कारणों से उन्हें मुआवजा प्राप्त नहीं हुआ इसकी जानकारी उपलब्ध करायी जावे। माननीय कलेक्टर महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि परलकोट में जलाशय मनरेगा अंतर्गत प्रस्तावित किये जा सकते हैं।

माननीय विधायक अंतागढ़ द्वारा निर्देशित किया गया कि अंतागढ़ नाला में विभाग द्वारा 5–7 स्टाप डेम बनाये गये हैं उसके बंधान एवं गेट नहीं लगाने से वे औचित्यहीन इसके रख–रखाव हेतु उचित ध्यान दिया जावे।

माननीय सांसद महोदय द्वारा कढ़ाईखोदरा डायवर्सन हेतु फिल्ड निरीक्षण बाबत् कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया गया।

कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन द्वारा अवगत कराया गया कि आसुलखार जलाशय का पानी भिलाई स्टील प्लांट को देने संबंधी सर्वे कार्य प्रारंभ है। सरोना, दुधावा, चोरिया, सारवण्डी का टेण्डर कार्य पूर्ण नहीं होने विषयक जानकारी प्रदान की गयी।

सहायक संचालक कौशल विकास द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 2017–18 में 720 प्रशिक्षार्थी का लक्ष्य प्राप्त था जिसमें से 210 का प्रशिक्षण पूर्ण करा लिया गया है।

कलेक्टर महोदय द्वारा सहायक संचालक कौशल विकास को निर्देशित किया गया कि आगामी आयोजित बैठक में सिंगारभाट स्थित आईसेक्ट प्रधान मंत्री कौशल केन्द्र कांकेर एवं दूर्गूकोंदल के खुटगांव स्थित बिंगवेल इम्पावर फाउन्डेशन, दोनों प्रशिक्षण एजेंसियों के संचालकों को भी आवश्यक जानकारी के साथ आमंत्रित किया जावे।

अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में आईसीआईसीआई बैंक में खोले जाने वाले खातों में आ रहे गतिरोध को समाप्त कर लिया गया है। वर्तमान में खाते खोले जाने का कार्य चालू है।

समिति के माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माणाधीन कार्य विषयक समीक्षा की गयी। उपस्थिति अनुविभागीय अधिकारी द्वारा कांकेर एव केशकाल कार्य प्रगति से अवगत कराया गया।

समिति के माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा कांकेर बाईपास मार्ग के निर्माण कार्य के प्रगति की भी समीक्षा की गयी। अपेक्षित कार्य प्रगति संतोषजनक नहीं पाये जाने एवं सूचना दिये जाने के उपरांत भी कार्यपालन अभियंता द्वारा लगातार दो बैठकों में अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

कलेक्टर एवं समिति के सदस्य सचिव द्वारा माननीय अध्यक्ष, महोदय से बैठक समाप्ति की अनुमति प्राप्ति उपरांत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों / अधिकारियों तथा लाईन डिपार्टमेंट के नोडल अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुये धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

(टामन सिंह सोनवानी)
कलेक्टर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर

पृ. कमांक / 4138 / कले. / जि.पं. / 2017 कांकेर, दिनांक 23.12.2017

प्रतिलिपि :-

1 सर्व संबंधित माननीय श्री ........................................ को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

2 अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय नया रायपुर को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

3 सचिव छ.ग. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग महानदी भवन नया रायपुर को सूचनार्थ सम्प्रेषित।

4 संचालक, पंचायत, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर को सूचनार्थ।

5 आयुक्त, बस्तर संभाग जगदलपुर को सूचनार्थ।

6 मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

7 सर्व जिला स्तरीय विभाग प्रमुख / ग्रामीण विकास एवं अन्य संबंधित विभाग के कार्यक्रमों को कियान्वित करने वाले लाईन डिपार्टमेंट के प्रभारी / नोडल अधिकारी ........................................

उत्तर बस्तर कांकेर को सूचनार्थ एवं उपरोक्तानुसार प्राप्त निर्देशों के पालनार्थ एवं पालन प्रतिवेदन समय सीमा में प्रेषित किये जाने हेतु सूचनार्थ अग्रेषित।

8 निज सहायक (कलेक्टर) जिला कार्यालय उत्तर बस्तर कांकेर को सूचनार्थ सम्प्रेषित।

9 डी.आई.ओ. NIC को सूचनार्थ एवं भारत सरकार की वेब साईट में अपलोड करने हेतु अग्रेषित।

10 डीपीएम ई– पंचायत जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

कलेक्टर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर